Headline: EPFO will invest 75 per cent in Nifty ETF	
Source: Hindustan	Date: 07 August 2015

ईपीएफओ ने ईटीएफ के जरिये शेयर बाजार में निवेश शुरू किया

पीएफ में शेयरों की तरह ज्यादा रिटर्न मिलेगा

आगाज

मुंबई | एजेंसियां

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने गुरुवार को शेयर बाजार में निवेश की शुरुआत कर दी। इससे ईपीएफ खाताधारकों (सदस्यों) को शेयरों की तरह ज्यादा रिटर्न मिलने की संभावना है। मौजूदा समय में ईपीएफ पर 8.75 फीसदी ब्याज मिलता है।

केंद्रीय श्रम मंत्री बंडारू दत्तात्रेय ने इसका उद्घाटन किया। ईपीएफओ ने फिलहाल पांच हजार करोड़ रुपये से निवेश की शुरुआत की है। आने वाले समय में इस राशि में इजाफा करने की भी योजना है। यह निवेश नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के मुख्य सूचकांक निफ्टी और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के मुख्य सूचकांक सेंसेक्स के एक्सचेंज ट्रेडेड फंड (ईटीएफ) में किया गया है। एसबीआई म्यूचुअल फंड ने इसके लिए दो तरह की ईटीएफ पेश किया गया है। दत्तात्रेय ने इस मौके पर कहा कि ईपीएफओ के पास 6.5 लाख करोड़ रुपये का कोष (फंड) है।

फिलहाल इसका पांच फीसदी तक ही शेयर बाजार में लगाने की अनुमति है। उन्होंने कहा कि इसके प्रदर्शन का आकलन करने के बाद निवेश बढ़ाकर 15 फीसदी तक करने पर भी विचार किया जाएगा।इस अवसर पर मौजूदा केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त के.के. जलान ने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के तहत निवेश की राशि का 75 फीसदी निफ्टी और 25 फीसदी बीएसई ईटीएफ में लगाया जाएगा।

8.75	फीसदी मिल रहा ब्याज ईपीएफ पर
6.5	लाख करोड़ रुपये का कोष है ईपीएफओ के पास
05	हजार करोड़ रुपये से निवेश की हुई शुरुआत
15	हजार करोड़ का निवेश होगा अगले साल

ईटीएफ से कम होगा जोखिम

ईटीएफ म्यूचुअल फंड का हिस्सा है। इसकी खरीद-बिक्री शेयरों की तरह होती है लेकिन इसमें जोखिम कम है। ईटीएफ का पैसा चुनिंदा कंपनियों के शेयरों के साथ बॉन्ड और अन्य माध्यमों में निवेश होता है।